कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts
Central (Command), Cariappa Road, Cantt.,Lucknow, Pin Code – 226002
कार्यालय दूरभाष सं.-0522-2451084,
कार्यालय फैक्स सं.-0522-2453038
Office Phone No. 0522-2451084 Office Fax No. 0522-2453038
E-mail ID: pcdaccan1b.dad@gov.in

सं.- प्रशा./1 ब/1378/व.ले.प./वेतन विसंगति

दिनाँक: 18/05/2021

सेवा में,

समस्त अनुभाग (मु.का.)
प्र.नि.र.ले. के अन्तर्गत सभी उप- कार्यालय
क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र (म.क.), लखनऊ

विषय: रक्षा लेखा विभाग में कार्यरत अनुभाग अधिकारी/सहायक लेखा अधिकारी एवं वरिष्ठ लेखा परीक्षक के वेतन में वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/82/E.III(B)/91 दिनांक 28.02.2003 के अनुपालन के पश्चात आयी असमानता के दूर किये जाने हेतु प्रतिवेदन ।

संदर्भ:- मुख्यालय कार्यालय का पत्रांक प्रशा/वेतन तक/7 वां के.वे.आ./पत्रा./जिळ-I/GP 4600/- Representations दिनांक 09.04.2021

****

उपरोक्त विषयक, मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग एवं इस संगठन के सभी उप-कार्यालयों से वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/लेखा परीक्षकों के प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुए थे, जिसे इस कार्यालय के पत्र संख्या प्रशा./1 ब/1378/व.ले.प./वेतन विसंगति दिनांक 09/03/2021 एवं दिनांक 25/03/2021 द्वारा मुख्यालय कार्यालय को प्रेषित किया गया था ।

(2) मुख्यालय कार्यालय के संदर्भित पत्र के द्वारा इस संबंध में प्रत्युत्तर प्राप्त हुआ है जिसके तथ्य निम्नवत है -

(i) इस संबंध में सूचित किया जाता है कि रक्षा लेखा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ लेखा परीक्षकों को ग्रेड वेतन रू 4600/- प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग की दिनांक 01.07.2011 की अनौ.टी.सं. 10(7)/E.II(B)/2011 द्वारा अस्वीकार किया जा चुका है ।

(ii) उक्त प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित अभ्युक्ति दी गयी थी :-

"It has been observed by 6th CPC, "In so far as other posts are concerned, it is observed that a clear cut parity of these posts vis-a-vis those existing in the Central Secretariat Service has never been established in past and it is difficult to establish any parity even now.""

(iii) इस संदर्भ में सूचित किया जाता है कि 6 ठे तथा 7 वें वेतन आयोग एवं उन पर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुरूप ही वरिष्ठ लेखा परीक्षक को ग्रेड पे रू 4200/-(7 वां वेतन आयोग का लेवल 6)प्रदान किया गया है तथा इस संबंध में अन्य कोई सरकारी आदेश प्राप्त नहीं हुआ है ।

अत: उपरोक्त संबंध में अनुरोध है कि सभी वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/लेखा परीक्षकों, जिन्होनें प्रार्थना पत्र प्रेषित किया था उन्हें तदनुसार सूचित कर दिया जाये तथा इसकी पावती प्राप्त कर ली जाये ।

संयुक्त नियंत्रक द्वारा अवलोकित ।

लेखाधिकारी (प्रशा.)

प्रतिलिपि -
प्रभारी अधिकारी
स्वचलन कक्ष
(स्थानीय)

कृपया PCDA (CC) की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

पंकज
लेखाधिकारी (प्रशा.)